NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No:141 /NCRES/20 Date: 24.7.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य इंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– ए.सी. शीट/जी.आई शीट/रूफ टाइल्स वाले आवासों के छतों को RCC में परिवर्तित करना।

सन्दर्भः– (i) NCRES PNM मद संख्या 14/8/2013 व 23/2017

महोदय,

रेल कर्मचारियों और उनके परिवार के परेशानियों को देखते हुये NCRES ने उपरोक्त संदर्भित PNM मद द्वारा मांग किया था कि प्रयागराज, झांसी और आगरा मंडल मे जिन आवासों के छत शीट या रूफ टाइल्स के हो उनके छतो को RCC में परिवर्तित किया जाय। प्रत्येक PNM बैठक मे चर्चा के बाद आश्वासन दिया जाता है कि एक माह में कार्य के प्रगति के रिपोर्ट की प्रति NCRES को दिया जायेगा लेकिन खेद के साथ अवगत कराना है कि NCRES को कार्य के प्रगति की कोई रिपोर्ट प्राप्त नही हुआ है।

NCRES को ज्ञात हुआ है कि आगरा और झांसी मंडल के कुछ आवासों में शीट/रूफ टाइल्स वाले छतों को RCC में बदला गया है लेकिन प्राप्त सूचना के अनुसार अभी तक प्रयागराज मंडल में शीट/रूफ टाइल्स वाले किसी भी आवास के छत को RCC में परिवर्तित नही किया गया है, यदि प्रयागराज मंडल के अन्तर्गत शीट/रूफ टाइल्स वाले आवासों के छत RCC में परिवर्तित किया गया हो तो NCRES को भी अवगत कराया जाय।

इसी मद पर चर्चा के समय NCRES द्वारा बार–बार बताया गया कि प्रयागराज के ट्रैफिक कालोनी के पाचवें मार्ग के ब्लाक नं. 67 के रूफ टाइल्स के ऊंची छत वाले सभी आवासो में लीकेज व बिज्जुओ (एक प्रकार का जानवर) के कारण कर्मचारी व उनका परिवार परेशान रहता है। यह भी बताया गया कि रूफ टाइल्स के Old Type के इन आवासो के छतो को RCC में परिवर्तित करने में ज्यादा परेशानी होगी, इसलिये Old Type के इन आवासो में रूफ टाइल्स के ऊपर GI शीट लगा दिया जाय।

NCRES के अनुरोध पर तत्कालीन प्रधान मुख्य इंजीनियर की सहमति से प्रयागराज मण्डल ने ट्रैफिक कालोनी के ब्लाक नं0 67 के रूफ टाइल्स वाले आवास और DSA ग्राउन्ड स्थित रूफ टाइल्स वाले अधिकारी आवास के छतो के ऊपर GI शीट लगाने के लिये सभी औपचारिकतायें पूरी कर कार्य

शुरू कराया **लेकिन खेद के साथ अवगत कराना है कि DSA ग्राउन्ड के अधिकारी आवास के रूफ टाइल्स के ऊपर GI शीट लगा दिया गया लेकिन ट्रैफिक कालोनी के ब्लाक नं0 67 के आवासो के रूफ टाइल्स के ऊपर GI शीट अभी तक नही लगाया गया है** जिसके कारण उसमें रहने वाले सभी कर्मचारी व उनका परिवार रूफ लीकेज एवं बिज्जुओं से परेशान है।

NCRES का अनुरोध है कि ट्रैफिक कालोनी, प्रयागराज के पांचवें मार्ग के ब्लाक नं0 67 के आवासो में रूफ टाइल्स के ऊपर GI शीट लगाने के लिये उचित आदेश करने की कृपा करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री